तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 29 जून 2026

11 पूर्व सीएम भूपेश का नवापारा में स्वागत

12 प्रेम, संयम और सदाचार से ही जीवन में मिलती है...




प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557

आवश्यकता है
कलकत्ता स्टूडियों में काम करने के लिए युवक / युवतियों की आवश्यकता है।
संपर्क करें- कलकत्ता स्टूडियों
गंज रोड नवापारा राजिम
मो.नं. 8319934005

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# कोपरा-पोखरा मार्ग पर नाली के बीचो-बीच खड़ा कर दिया सार्वजनिक हैंडपंप, महामारी का खतरा

## इंजीनियरों और ठेकेदार की लापरवाही, 30-40 परिवारों के स्वास्थ्य से खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत 26 करोड़ की लागत से कोपरा से पोखरा तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य इन दिनों युद्धस्तर पर जारी है। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कराए जा रहे इस निर्माण में कोपरा, मुड़तराई, जेंजरा, देवरी, कौंदकेरा, बहेरापाल, बोरसी, बासिंग, पोखरा समेत मार्ग के सभी गांवों में निस्तारी पानी की निकासी के लिए सड़क किनारे पक्की नाली का निर्माण भी बकायदा किया जा रहा है। लेकिन ग्राम कौंदकेरा के पानी टंकी पारा पर ठेकेदार और इंजीनियरों की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। यहां बरसों से लगे सार्वजनिक हैंडपंप को सुरक्षित रखने के बजाय उसके चबूतरे को तोड़कर बीचोबीच नाली का निर्माण कर दिया गया है। निर्माण के बाद हैंडपंप अब नाली के अंदर खड़ा है और उसके चारों तरफ कच्ची-पक्की नाली बना दी गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पानी टंकी पारा के इस हैंडपंप से मोहल्ले के 30-40 परिवार रोज पानी भरते हैं। नाली बनने के बाद बरसात और रोजमर्रा का गंदा निस्तारी पानी इसी नाली से बहेगा। हालांकि अभी नाली निर्माण के दौरान नाली में बेस दिया गया हैं। लेकिन आने वाले कुछ वर्षों में हैंडपंप का बोर और चबूतरा टूटने से गंदा पानी रिसकर सीधे बोरवेल में जा सकता है। इससे हैंडपंप का पूरा जलस्त्रोत दूषित हो जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि दूषित पानी पीने से मोहल्ले में डायरिया, पीलिया, टाइफाइड और हैजा जैसी ▶▶|शेष पेज 10 पर



### नियमों को ताक पर रखकर हुआ निर्माण

जानकारों के अनुसार, जल स्त्रोत अधिनियम के तहत किसी भी हैंडपंप, कुएं या बोर के 10 मीटर दायरे में गंदे पानी की नाली निर्माण प्रतिबंधित है। इसके बावजूद ठेकेदार ने नियमों को ताक पर रखकर हैंडपंप को ही नाली के बीच में ले लिया। इससे विभागीय मॉनिटरिंग पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस संबंध में जब पीडब्ल्यूडी के सब इंजीनियर माधव देवांगन से संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। पीएचई विभाग के एसडीओ नवीन साहू ने बताया कि हैंडपंप को बीचोबीच कैसे स्थापित किए, यह तो पीडब्ल्यूडी विभाग ही बता सकता है। वही, उन्होंने यह भी कहा कि उक्त हैंडपंप को बाद में अन्य जगह शिफ्ट किया जाएगा। वही, ठेकेदार के मैनेजर नंदू यादव से बात करने पर उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान जो भी बीच में आ रहा हैं, सबको उखाड़ रहे हैं। लेकिन कौंदकेरा में उस हैंडपंप को वहां के सरपंच के कहने पर न उखाड़के हैंडपंप के केसिंग पाइप को ऊपर उठाकर स्थापित किया गया।


अपराध : लौटते वक्त गोरेगांव के पास रोका रास्ता, घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल

# मछली कारोबारी की हत्याः धारदार हथियार से किए 40 से अधिक वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बोईरगांव (दर्रीपारा) निवासी मछली कारोबारी विप्लभ मंडल (55 वर्ष) की अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विप्लभ मंडल पिछले 7-8 वर्षों से बोईरगांव में रहकर अपने साथी चुम्मन यादव के साथ धमतरी जिले के नगरी क्षेत्र में मछली का व्यवसाय करते थे। दोनों सिहावा रोड स्थित एमएम फिश नाम से दुकान संचालित करते थे और प्रतिदिन इसी मार्ग से आना-जाना था। बताया जा रहा है कि शनिवार को दुकान बंद कर दोनों गरियाबंद लौट रहे थे। इसी दौरान नगरी से आगे गोरेगांव के पास कुछ अज्ञात लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि हमलावरों ने पहले विप्लभ मंडल पर हमला किया, जबकि उनके साथी की आंखों में मिर्च पाउडर फेंक दिया। साथी किसी तरह जान बचाकर वहां से निकल गया। इसके बाद हमलावरों ने विप्लभ मंडल पर धारदार हथियार से कई वार किए। पुलिस ने अभी आधिकारिक तौर पर घावों की संख्या की पुष्टि नहीं की है। स्थानीय लोगों के अनुसार, वारदात बेहद निर्मम थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के शरीर पर 40 से अधिक चाकू के वार के निशान घटना के पीछे लूटपाट, पुरानी रंजिश या अन्य किसी कारण की आशंका जताई जा रही है, लेकिन पुलिस का कहना है कि हत्या के वास्तविक कारणों का खुलासा जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा।

### साथी की आंखों में झोंकी मिर्च



### पुरानी रंजिश या लूटपाट? हर एंगल से जांच में जुटी पुलिस

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और हमलावरों की तलाश जारी है। इस घटना से गरियाबंद और धमतरी दोनों जिलों के व्यापारियों में चिंता का माहौल है।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले की गंभीरता को देखते हुए हर एंगल से जांच की जा रही है। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आसपास के क्षेत्रों में भी जांच तेज कर दी गई है। पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और जांच पूरी होने तक आधिकारिक जानकारी का इंतजार करने की अपील की है।



# पिपरछेड़ी के टिकेश्वर का भारतीय सेना में चयन, बैंड-बाजे के साथ दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

गरियाबंद जिले के छुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपरछेड़ी निवासी टिकेश्वर ध्रुव (पिता हिरामन ध्रुव) का भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में चयन हुआ है। उनके चयन की खबर मिलते ही पूरे गांव में खुशी और गर्व का माहौल छा गया। बुधवार शाम जब टिकेश्वर अपनी सैन्य ट्रेनिंग के लिए रवाना हुए, तो परिजनों और ग्रामीणों ने बैंड-बाजे एवं ढोल-नगाड़ों के साथ उनका भव्य स्वागत और विदाई की। ग्रामीणों ने उन्हें फूल-मालाओं से सम्मानित किया। इस दौरान 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। विदाई के समय पिता हिरामन ध्रुव और परिवार के अन्य सदस्यों की आंखें खुशी से नम हो गईं। पिता ने भावुक होकर कहा, /"आज मेरा बेटा सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि पूरे देश का बेटा बन गया है। मुझे गर्व है कि वह देश की सेवा और सीमाओं की रक्षा में अपना योगदान देगा।/" परिजनों ने टिकेश्वर को तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर उनकी सफलता का उत्सव मनाया। ट्रेनिंग के लिए रवाना होते समय टिकेश्वर के चेहरे पर दृढ़ संकल्प साफ दिखाई दे रहा था। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करना उनका बचपन का सपना था, जिसे अब वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ पूरा करेंगे।

गांव के बुजुर्गों और गणमान्य नागरिकों ने टिकेश्वर को आशीर्वाद देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणादायक है। इस अवसर पर बिसहत ध्रुव, दूध लाल ध्रुव, दीनबंधु ध्रुव, हेमलाल यादव, गिरधर ध्रुव, वीरेंद्र यादव, तुलसी ध्रुव, अनिल ध्रुव, फगेश्वर यादव, पंकज, नरेंद्र, देव कृष्ण, सतीश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, मित्र और परिजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### विधायक रोहित साहू का जनदर्शन कार्यक्रम स्थगित



**राजिम।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कार्यों के चलते विगत दिनों से दिल्ली प्रवास पर हैं। विधायक कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस व्यस्तता के चलते राजिम में उनके निवास कार्यालय में सोमवार को आयोजित होने वाला नियमित जनदर्शन कार्यक्रम स्थगित किया गया है। तत्पश्चात जनदर्शन कार्यक्रम अपनी पूर्व निर्धारित व्यवस्था के अनुसार पुनः प्रारंभ किया जाएगा। उक्त जानकारी विधायक रोहित साहू के निज सहायक किशोर कुमार साहू ने दी है।

### महुआ शराब व नकद बरामद, महिला पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम किशनपुर में एक महिला के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि किशनपुर में आरोपी महिला सुंदरा बाई नागवंशी पति धरमराज नागवंशी (50 वर्ष) की बाड़ी से 04 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 800 रुपए को बरामद किया गया है। मामले आरोपी महिला के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# डॉ. प्रेमासाई महाराज से अभिनेता सूद ने की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

प्रसिद्ध अभिनेता एवं समाजसेवी सोनू सूद ने अभनपुर के समीप स्थित माँ मातंगी दिव्य धाम पीठाधीश्वर डॉ प्रेमासाई महाराज से सौजन्य भेंट की। इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, गौसंरक्षण, युवाओं के उत्थान तथा बस्तर क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के लिए जनसेवा कार्यों के विस्तार पर सकारात्मक चर्चा हुई। डॉ. प्रेमासाई महाराज ने सोनू सूद का स्वागत करते हुए उन्हें माँ कोत्रवै प्रतिमा स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने का आमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। उन्होंने माँ मातंगी दिव्य धाम द्वारा संचालित शिक्षा सहायता, निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा, गौसंरक्षण एवं अन्य जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी भी साझा की। मुलाकात के दौरान महाराज एवं अभिनेता ने बस्तर सहित विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, आदिवासी अंचलों, युवाओं और जरूरतमंद परिवारों के लिए सेवा कार्यों ▶▶|शेष पेज 10 पर



# लाखों छात्रों के सपनों और भविष्य के साथ खिलवाड़ः अमितेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- नीट पेपर लीक मामले में कांग्रेस ने दोषियों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की मांग की

नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली में अनियमितताओं के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद ने शनिवार को वार्ड क्रमांक 6 स्थित गोवर्धन पारा में छात्रों की गूंज जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार पर परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने में विफल रहने का आरोप लगाया और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व पंचायत मंत्री एवं पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल, विशेष अतिथि विधायक जनक ध्रुव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री विनोद तिवारी, जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, अमित मीरी, रूपेश साहू, आबिद ढेबर तथा रमेश शर्मा उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, युवा, छात्र-छात्राएं तथा स्थानीय नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए अमितेश शुक्ल ने कहा कि नीट परीक्षा में सामने आई कथित अनियमितताओं से लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसियों की लापरवाही और केंद्र सरकार की विफलता के कारण युवाओं का परीक्षा प्रणाली से विश्वास कमजोर हुआ है। उन्होंने कहा कि यह ▶▶|शेष पेज 10 पर




### छात्रों को हो रही मानसिक पीड़ा : जनक ध्रुव

विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार इस मुद्दे को उठा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेपर लीक जैसी घटनाओं ने छात्रों को मानसिक रूप से प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि किसानों, छात्रों और आम जनता से जुड़े मुद्दों पर सरकार को जवाब देना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री विनोद तिवारी ने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाओं से विद्यार्थियों और उनके परिवारों को भारी मानसिक पीड़ा हुई है। उन्होंने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाने की मांग की। जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने भी छात्रों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम का संचालन कार्यालय प्रभारी नीरज ठाकुर ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री कमलेश यदु ने किया। कार्यक्रम में राजेश साहू, सन्नी मेमन, छगन यादव, चंद्रभूषण चौहान, रामगुलाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कर्नाटक के राज्यपाल, सीएम साय और विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे शामिल

# सोनपैरी आश्रम में संत कबीर जयंती महोत्सव आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

महान संत, समाज सुधारक एवं मानवता के अमर पुजारी संत शिरोमणि सतगुरु कबीर साहेब की जयंती सोनपैरी आश्रम में अभूतपूर्व श्रद्धा, भक्ति और भव्यता के साथ आज 29 जून सोमवार को होने जा रहा है। इस गरिमामय कार्यक्रम में देशभर से संत-महात्माओं तथा श्रद्धालु आएंगे। सोनपैरी आश्रम के प्रभारी देवकर साहेब ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि मानवता, समरसता और सामाजिक जागरण का विराट संगम होगा। महोत्सव में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। उन्होने बताया कि राष्ट्रीय संत असंग देव साहेब का इस विशेष अवसर पर संत कबीर के जीवन चरित्र के बारे में अमृतवाणी का वर्णन किया जाएगा। उनके पावन सानिध्य में देश-विदेश से आने वाले संत, धर्माचार्य, समाजसेवी, शिक्षाविद, बुद्धिजीवी एवं विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियां सहभागी ▶▶|शेष पेज 10 पर







### राष्ट्रीय संत असंग देव साहेब बिखेरेंगे ज्ञान की अमृतवाणी

बताया कि पूज्य राष्ट्रीय संत असंग देव महाराज ने प्रदेश एवं देशवासियों से इस आध्यात्मिक महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि संत कबीर के विचार आज भी समाज को एकता, प्रेम,भाईचारे और मानवीय मूल्यों का मार्ग दिखाते हैं। ऐसे में यह महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को नई दिशा देने वाला प्रेरणादायी उत्सव साबित होगा। सोनपैरी आश्रम में होने जा रहा यह आयोजन क्षेत्र के सबसे बड़े आध्यात्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में से एक माना जा रहा है, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में अभी से भारी उत्साह और उत्सुकता देखने को मिल रही है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### रानी परतेवा में पल्स पोलियो अभियान के तहत बच्चों को पिलाई गई दवा

छुरा। ग्राम पंचायत रानी परतेवा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-2 में पल्स पोलियो अभियान के तहत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत रानी परतेवा के सरपंच हेमलाल नेताम ने बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. राहुल कुमार साहू ने उपस्थित अभिभावकों को बच्चों को नियमित रूप से टीकाकरण कराने तथा पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य दिलानी चाहिए, ताकि देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने के प्रयास सफल हो सकें। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता धनेश्वरी साहू, सहायिका पदमन्नी अडवंशी सहित क्षेत्र की मितानिनें एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाई।

## पेज 9 के शेष...

### कोपरा-पोखरा मार्ग...

भयंकर महामारी फैल सकती है। बच्चे और बुजुर्ग सबसे पहले इसकी चपेट में आएंगे। लोगों ने तत्काल हैंडपंप को दूसरी जगह शिफ्ट करने या नाली का एलाइनमेंट बदलने की मांग की है।

**गाड़ी में डीजल नहीं है बोलकर पीएचई ने नहीं की खुदाई : सरपंच प्रतिनिधि-** इस संबंध में सरपंच प्रतिनिधि मनोज यादव ने बताया कि नए सड़क बनाने के लिए जब पुराने सड़क को तोड़ा गया तो सड़क किनारे गांव के 7 हैंडपंप इससे प्रभावित हुए हैं। नए हैंडपंप के लिए पीएचई विभाग में अनेक बार आवेदन किए, उन्होंने कोई ध्यान नही दिया। जब हैंडपंप खुदाई के लिए विभाग दोबारा संपर्क किया गया तो यहां तक भी कह दिया कि हैंडपंप खुदाई के लिए जाने वाली गाड़ी में डीजल नही हैं। जिसके कारण गांव में पेयजल की स्थिति को देखते हुए पानी टंकी पारा के हैंडपंप को न तोड़वा के उसके केसिंग को ऊपर उठाकर नीचे अच्छी तरह से बेस किया गया हैं। जिससे नाली का पानी केसिंग अंदर नहीं जाएगा।

### डॉ. प्रेमासाई...

को मिलकर आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। सोनू सूद ने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा ही सबसे बड़ा मानव धर्म है और वे आगे भी अपने सेवा कार्य निरंतर जारी रखेंगे।

### लाखों छात्रों के...

केवल पेपर लीक का मामला नहीं, बल्कि लाखों छात्रों के सपनों और भविष्य से जुड़ा गंभीर विषय है। दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर छात्रों को न्याय मिलना चाहिए।

### सोनपैरी आश्रम...

बनेंगी। पूरे आयोजन के दौरान कबीरवाणी का गायन, सत्संग, भजन, प्रवचन, आध्यात्मिक चिंतन, संत सम्मेलन तथा सामाजिक समरसता पर केंद्रित विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महोत्सव का मुख्य उद्देश्य संत कबीर के समता, सद्भाव,सेवा और मानव कल्याण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। आयोजन के माध्यम से भारतीय संस्कृति के मूल मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश भी दिया जाएगा। आश्रम प्रभारी देवकर साहेब ने बताया कि उनके मार्गदर्शन में राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष विचार-विमर्श किया जाएगा।

**अभियान :** शुरुआत बूथ से, आज स्वास्थ्य टीमें घर-घर जाकर पिलाएंगी दवा

# जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को पिलाई दवा, पालकों को किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला स्तरीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को जिला चिकित्सालय परिसर, गरियाबंद में शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष रिखी राम यादव, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष बिंदु सिन्हा, डॉ. बी. बारा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष रिखी राम यादव एवं भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष बिंदु सिन्हा ने भी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान में सहभागिता निभाई तथा लोगों को अपने बच्चों को समय पर पोलियो की दवा पिलाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि पोलियो एक गंभीर एवं दिव्यांगता पैदा करने वाली बीमारी है, लेकिन समय पर पोलियो की खुराक देकर





इससे पूरी तरह बचाव संभव है। भारत को वर्ष 2014 में पोलियो मुक्त घोषित किया जा चुका है, लेकिन इस उपलब्धि को बनाए रखने के लिए प्रत्येक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाना आवश्यक है। एक भी बच्चा यदि छूट जाता है, तो संक्रमण का खतरा बना रह सकता है।

**अतिथियों की अपील, कोई बच्चा न छूटे-** स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि अभियान के तहत जिले के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। पहले दिन बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई, जबकि इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर उन बच्चों को भी पोलियो की खुराक पिलाएंगी, जो किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच सके। अभियान का उद्देश्य जिले के प्रत्येक पात्र बच्चे तक पहुंचकर उसे पोलियो से सुरक्षित करना है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को बिना किसी चूक के पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं तथा इस जनस्वास्थ्य अभियान को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें।

## हरदी में 77 बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवा



छुरा। ग्राम पंचायत हरदी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्थानीय और प्रवासी परिवारों के कुल 77 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। अभियान को गति देने और ग्रामीणों को प्रोत्साहित करने के लिए उप सरपंच संघ के अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत हरदी के उप सरपंच रूपनाथ बंजारे विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयं बच्चों को अपने हाथों से पोलियो की दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की। इस बार के पल्स पोलियो अभियान में ग्रामीण अंचल में एक बेहद सकारात्मक बदलाव देखने को मिला। अभिभावक स्वयं जागरूक होकर सुबह से ही अपने नौनिहालों को लेकर केंद्र पहुंचने लगे थे। इस अभियान की सबसे खास बात यह रही कि स्थानीय निवासियों के साथ-साथ बाहर गांव से हरदी आई माताओं ने भी पूरी जिम्मेदारी दिखाई और अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र लाकर पोलियो की खुराक पिलाई। अपने बच्चों को इस घातक बीमारी से सुरक्षित रखने की संतुष्टि सभी माताओं और अभिभावकों के चेहरों पर साफ तौर पर खुशी के रूप में दिखाई दे रही थी। इस पूरे कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने और सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग के अमले सहित स्थानीय जमीनी कार्यकर्ताओं ने मुख्य भूमिका निभाई। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी दीपमाला साहू के कुशल मार्गदर्शन में पूरे अभियान की रूपरेखा तैयार की गई। केंद्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूजा कंवर और सरस्वती ध्रुव,लक्ष्मी ध्रुव ने मुस्तैदी से मोर्चा संभाला और बच्चों की सूची तैयार कर उन्हें दवा पिलाई। वहीं, गांव की मितानिन कुंदन यादव, धरमिन तारक और ललिता कंवर ने पिछले कई दिनों से गांव में सघन जनसंपर्क और गृह भेंट कर अभिभावकों को जागरूक किया, जिसका परिणाम आज भारी भीड़ के रूप में देखने को मिला। इन सभी स्वास्थ्य कर्मियों और महिला कार्यकर्ताओं के सेवा भाव और समर्पण की पूरे गांव में प्रशंसा हो रही है।

### सरपंच ने पिलाया पल्स पोलियो



राजिम। पल्स पोलियो अभियान में 0 से 5 साल के बच्चों को सरपंच सुश्री भानु ध्रुव, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष स्निग्धा शर्मा ने बच्चों को पोलियो पिलाया। इस अवसर पर कार्यकर्ता तीजबाई साहू, जमुना यादव, निर्मला मेहरा ,पुष्पा टोडर पालकगण उपस्थित थे।

### जगह-जगह पल्स पोलियो का कार्यक्रम





नवापारा-राजिम। क्षेत्र में प्लस पोलियो का कार्यक्रम जगह-जगह हुआ। इस अवसर पर वार्ड नंबर 2 के पार्षद रामरतन निषाद सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने 5 साल के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया।

## लोहरसी उप स्वास्थ्य केंद्र में पल्स पोलियो अभियान के तहत बच्चों को पिलाई खुराक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

ग्राम लोहरसी के उप स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत पोलियो दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में माताएं अपने नन्हे बच्चों को लेकर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं, जहां स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी वैक्सीन की दो बूंद जीवन की पिलाई। पूरे कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में बच्चों की चहल-पहल, माताओं की जागरूकता और स्वास्थ्य कर्मचारियों की सक्रियता देखने को मिली। मितानिनों ने भी घर-घर संपर्क कर अधिक से अधिक बच्चों को केंद्र तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पोलियो एक गंभीर वायरल बीमारी है, जो बच्चों को जीवनभर के लिए अपंग बना सकती है। इसका कोई स्थायी इलाज नहीं है, लेकिन समय-समय पर दी जाने वाली पोलियो की दो बूंद खुराक से इस बीमारी से प्रभावी बचाव



संभव है। इसी उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष विशेष अभियान चलाकर यह सुनिश्चित किया जाता है कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित माताओं को नियमित टीकाकरण, स्वच्छता, संतुलित पोषण, स्तनपान तथा बच्चों की देखभाल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। आरएचओ चुनेश्वरी साहू ने बताया कि जन्म से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों का नियमित टीकाकरण उनके स्वस्थ भविष्य की मजबूत नींव है। इसलिए अभिभावकों को टीकाकरण कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। आगे कहा की सभी अभिभावकों से अपील है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रत्येक पोलियो अभियान में अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक दिलाएं। यदि किसी कारणवश बच्चा केंद्र तक नहीं पहुंच पाता है तो स्वास्थ्य विभाग की टीम और मितानिनों से संपर्क कर उसे खुराक अवश्य दिलाएं। ग्रामवासियों ने भी इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य के लिए इस प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग और मितानिनों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके निरंतर प्रयासों से गांव में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। इस दौरान चुनेश्वरी साहू आरएचओ सरपंच लोमस साहू, उपसरपंच निलेश टण्डन, भुनेश्वरी साहू मितानिन, बेबी साहू मितानिन, हीराबाई साहू मितानिन, नोमेश्वर साहू, भानू डहरिया, तृप्ति साहू, आदित्य साहू, सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण व बच्चे मौजूद रहे।

## नवापारा नगर में पिलाई गई पोलियो रोधी खुराक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



नगर के स्वास्थ्य एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को पोलियो से बचाव के लिए पोलियो रोधी खुराक पिलाई गई। नगर के वार्ड क्रमांक 20 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी एवं भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य योगिता सिन्हा ने बच्चो को दो बूंद पोलियो की खुराक पिलाकर पल्स पोलियो कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उक्त अवसर पर नपा अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने कहा कि भारत में पल्स पोलियो अभियान आधिकारिक रूप से वर्ष 1995 से आरम्भ की गई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ, स्वास्थ्य विभाग एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के निरंतर पल्स पोलियो महाभियान के प्रभावी प्रयास से भारत पोलियो मुक्त हो चुका है।किंतु अब भी वर्ष में दो बार बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाई जा रही है। प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को प्राप्त करने के उद्देश्य से पल्स पोलियो कार्यक्रम में सभी की सहभागिता आवश्यक है। भारत पोलियो जैसे गंभीर बीमारी से भारत निजात पा चुका है। किंतु पोलियो भारत में फिर न पनपे इसके लिए पोलियो की खुराक अनिवार्य है। स्वस्थ एवं सुरक्षित भारत से विकसित भारत का सपना अवश्य पूरा होगा। राष्ट्रव्यापी महाभियान पल्स पोलियो कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सहायिका ललिता सेन, बड़ी संख्या में बच्चे एवं अभिभावकों की उपस्थिति रही।

## खीर-पूरी, भजिया खिलाकर मनाया शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय रसेला में संयुक्त रुप से नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर नवप्रवेशी के साथ सभी विधार्थियों को खीर पुडी, भजिया खिलाकर हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच रूपादेवी ठाकुर, अध्यक्षता अंजली कुंजाम समिति अध्यक्ष, विशेष अतिथि के रूप में उपसरपंच परमेश्वर यादव, लोकराम यादव पटेल, नंदकिशोर यादव, धनेश्वर दास,शबीर खान, रामायण ठाकुर, पप्पू खान, निर्मला निषाद सहित पालकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुभारंभ मां सरस्वती और भारत माता की पुजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात पहली कक्षा और 6 कक्षा में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को सभी अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराया गया साथ ही पाठ्य-पुस्तकें वितरित किए। मुख्य अतिथि रूपादेवी ने कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि हर बच्चे के उज्जवल





भविष्य की शुरुआत का उत्सव है। शिक्षा वह प्रकाश है जो अज्ञानता के अंधकार को दूर कर जीवन को सही दिशा प्रदान करता है। उपसरपंच यादव ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, प्रत्येक बालक और बालिका का विद्यालय में प्रवेश हो वह नियमित रूप से पढ़ाई करें। इसी कड़ी में लोकराम यादव पटेल ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में आज गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। विधार्थियों को इन अवसरों का पूरा लाभ उठाकर अनुशासन, परिश्रम और संस्कार के साथ आगे बढ़ना चाहिए। शाला अध्यक्ष कुंजाम ने सभी बच्चों की उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर प्रधानपाठक मुरलीधर विशाल, वरिष्ठ शिक्षक बालचंद नेताम, हृदय राम साहू, संदीप कुमार सिन्हा, सरिता ठाकुर, गणेश्वर ठाकुर, इस निषाद, खिलवान यादव, बिशनाथ यादव सहित पालकगण और मध्यान्ह भोजन संचालित करने वाले समूह के सभी महिलाएं उपस्थित रहे।

## प्राथमिक शाला बारूला में मनाया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय प्राथमिक शाला बारुला में शाला प्रवेश उत्सव बच्चों का चंदन वंदन एवं मुंह मीठा कराकर उत्साह एवं हर्शोउल्लास के साथ मनाया गया। शिक्षकों सहित अतिथियों ने बच्चों को नियमित शाला आने एवं मनलगाकर पढ़ाई करने निर्देशित किया। शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत में स्कूलों में बच्चों का उत्साह पूर्वक स्वागत करने और उन्हें शिक्षा से जोड़ने के लिए शासन के आदेश पर शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में प्राथमिक शाला बारूला में शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों के द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रचलित कर पूजा वंदन किया गया। वहीं पर कार्यक्रम मे नवप्रवेशी बच्चो का गुलाल से तिलक लगाकर मुंह मीठा कर पुष्पमाला से स्वागत किया गया वहीं पर उन्हे पाठय पुस्तके भी वितरित की गई।संस्था की प्रधान पाठक लता ध्रुव ने कहा शिक्षा से व्यक्ति के जीवन का विकास होता है। जीवन जीने के लिए मार्ग प्रशस्त होता है।



इसलिए प्रदेश सरकार चाहती है कि अधिक से अधिक संख्या मे बच्चे स्कूल पहुंचकर शिक्षा ग्रहण करे।स्कूल के शिक्षक भी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। शिक्षा को लेकर पालको को भी ध्यान देना होगा।बच्चों को वे नियमित रूप से स्कूल भेजे एवं नियमित पढ़ने को घर मे बच्चों से कहे।शासन से मिलने वाले सभी योजनाओं का लाभ बच्चों मिल रहा है। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम पर शिक्षिका मोती ध्रुव के जन्मदिन एवं चेतन सिंह मरकाम एवं वीणा मरकाम के विवाह के उपलक्ष्य में शासकीय प्राथमिक शाला बारुला में न्यौता भोज कराया गया। इस अवसर पर बच्चों को दाल,चावल सब्जी, बड़ा, पुरी, पापड़ आदि परोसा गया। भोजन करते समय बच्चों के चेहरे में खुशियां झलक रही थी। प्रधान पाठक एवं शाला प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष श्रीमती केसर साहू के द्वारा तथा सदस्यों के द्वारा विवाह जोड़ी को शुभकामनाएं दिया गया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के अवसर पर जितेंद्र साहू, पुकेश साहू, केसर साहू, रुक्मणी साहू, कौशल्या साहू, चेतन मरकाम वीणा मरकाम संस्था के प्रधान पाठक लता, मोती ध्रुव, हीरावन लाल साहू, कमलकान्त सेन आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### रामसागरपारा स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** शासकीय माध्यमिक शाला रामसागरपारा संकुल पटेवा में शनिवार को नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 में नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत कर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सरपंच आशा बाई ठाकुर, शाला प्रबंधन समिति से दिनेश यादव, उमाशंकर, पितर ध्रुव, गोपाल यादव, तानसिंह, अमारू, द्रोपती यादव, पंचायत पंच कामिन ठाकुर आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों का स्कूल ड्रेस एवं खीर पूरी खिलाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक ऋषि पटेल, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, शिक्षक मुरलीधर निषाद, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक दुष्यंत सिन्हा, विद्यार्थियों एवं महिला समूह का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन शिक्षक रविकांत गोस्वामी ने किया।

### भर्ती परीक्षा के लिए नवकिरण अकादमी में हुआ तीसरा मेगा टेस्ट

**महासमुंद।** स्थानीय नवकिरण अकादमी में सूबेदार, उपनिरीक्षक एवं प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा-2026 की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए आयोजित 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में तीसरा मेगा टेस्ट (मेगा टेस्ट-03) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी डी बसंत साव ने बताया कि मेगा टेस्ट-03 भर्ती परीक्षा के संपूर्ण पाठ्यक्रम पर आधारित था। परीक्षा में कुल 300 अंकों के 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए, जिनमें भारत का इतिहास, भूगोल, भारतीय संविधान, अर्थव्यवस्था, सामान्य विज्ञान, भारतीय दर्शन, कला, साहित्य एवं संस्कृति, समसामयिक घटनाएँ, पर्यावरण, छत्तीसगढ़ सामान्य ज्ञान, कंप्यूटर, रीजनिंग, गणित, हिंदी तथा अंग्रेजी जैसे सभी प्रमुख विषय शामिल थे। मेगा टेस्ट में नवकिरण अकादमी में अध्ययनरत विद्यार्थियों के साथ-साथ बाहरी पंजीकृत अभ्यर्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने परीक्षा के माध्यम से अपनी तैयारी का मूल्यांकन किया तथा आगामी भर्ती परीक्षा के अनुरूप अभ्यास का लाभ प्राप्त किया। टेस्ट सीरीज को लेकर अभ्यर्थियों में विशेष उत्साह एवं सकारात्मक प्रतिसाद देखने को मिला। साव ने बताया कि 04 टेस्ट सीरीज के अंतर्गत चौथा एवं अंतिम मेगा टेस्ट (मेगा टेस्ट-04) आगामी 05 जुलाई 2026 (रविवार) को आयोजित किया जाएगा।

## ग्राम दानीबांधा में धूमधाम से मनाया गया हजरत सैय्यद दानीदाता शाह का उर्स

# सैय्यद बाबा दानीदाता शाह की चादर पोशी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 38 किमी दूर ग्राम दानीबांधा मे इस साल भी हजरत सैय्यद दानीदाता शाह रहमतुल्लाह अलैह का उर्स पाक आज रविवार को बड़े धुमधाम के साथ मनाया गया। ग्राम दानीबांधा में सभी धर्म संप्रदायो के श्रद्धालुओ ने चादर पेश कर बाबा साहब से अपने परिवार व क्षेत्र सहित देश प्रदेश के लिए सुख, शांति, खुशहाली की दुआ मांगी गई। इस अवसर पर पाईकभांठा से शाही चादर शरीक निकाली गई और शाम 4.36 बजे दरगाह शरीक पहुंचे शाही चादर का दीदार करने व बोसा लेने लोग उमड़ पड़े जहां कुल शरीफ की फांतिहा पढ़ी गई। इसके बाद सलातो सलाम का नजराना पेश कर बाबा के दरगाह में शाही चादर चढ़ाई गई। मौलाना साहब ने देश में अमन शांति खुशहाली के लिए दुआ मांगी। इसके बाद आम लंगर का आयोजन किया गया। प्रदेश के कोने- कोने से पहुंचे मुस्लिम समाज सहित सभी धर्म के लोगों ने बाबा को अपनी तरफ से चादर व फूल चढ़ाने उमड़ पड़े। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि घंटो मशक्कत के बाद लोग दरगाह शरीक के अंदर जा पाये। आज रविवार को हजरत सैय्यद दानीदाता शाह रहमतुल्लाह अलैह का उर्स पाक में हजारों की संख्या में सभी धर्म संप्रदाय के श्रद्धालु पहुंचे और अपनी मनोकामना के लिए दुआ मांगी।

**प्रदेश के कोने-कोने से पहुंचे हजारों श्रद्धालु-** इस वर्ष उर्स पाक में हजारों के तादात में लोग पहुंचे हुए थे। उर्स में पाईकभांठा, मैनपुर, नगरी, सिहावा, धमतरी, कांकेर, केशकाल, बस्तर, देवभोग, गरियाबंद, राजिम, छुरा, दुर्ग, आरंग एवं बिलासपुर के साथ प्रदेश के अन्य हिस्सो से हजारो की संख्या मे लोग अपनी मुरादे लेकर पहुंचे थे। दरगाह कमेटी द्वारा दोपहर व रात के भोजन आम लंगर की व्यवस्था की गई थी मुस्लिम समुदाय द्वारा दरगाह शरीक के चारो तरफ भव्य आकर्षक सजावट किया गया है। बाबा के दरगाह मे देर रात तक चादर पोशी करने लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। बाबा साहब के दरबार में सभी धर्म संप्रदाय के लोग पहुंचते हैं जहां भाईचारा का बेहतर मिसाल देखने को मिलता है।



# पूर्व सीएम भूपेश का नवापारा में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रविवार की शाम 5 बजे नवापारा पहुंचे। यहां पीसीसी के पूर्व अध्यक्ष धनेन्द्र साहू की मौजूदगी में पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष जीत सिंग के निवास के पास श्री बघेल का ऐतिहासिक स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सौरभ शर्मा, नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव, राजा चांवला, राकेश सोनकर, गोल्डी पारख, रामकुमार शर्मा, अजय गाड़ा, अजय कोचर, शेखर बाफना, अशोक गोलछा, तरुण कंसारी, अर्जुन साहू, टिकेश्वर घिलहरे, रामरतन निषाद, हेमंत साहनी, चंद्रहास साहू, बीरबल राजपूत, अनमोलदीप सिंह, मनराज चावला, मंथन मध्यानी, प्रह्लाद कंसारी, शंकर साहू, सुरेन्द्र साहू, निर्माण यादव, मितेश शाह, स्वर्णजीत कौर, जगनूर कौर, सिमरन चावला कौमुदी पिंकी शर्मा, रेखा तिवारी, दीपाली राजपूत, संतोष कंसारी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अवसर पर विधायक रामकुमार यादव, विधायक जनक राम ध्रुव, गिरीश देवांगन, सनी अग्रवाल, राम गिदलानी का भी स्वागत फूल माला से किया गया। सभी ने जीत सिंग निवास पर भोजन किया।

# सदर रोड में ब्लॉक कांग्रेस सेवादल ने किया ध्वज वंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी भाई देसाई, राष्ट्रीय सचिव राजकुमारी रघुवंशी एवं प्रदेश अध्यक्ष अरुण ताम्रकार के निर्देशानुसार प्रतिमाह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाले नियमित झंडा वंदन कार्यक्रम के तहत ब्लॉक कांग्रेस सेवादल द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी चौक, सदर रोड में गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रदीप साहू द्वारा राष्ट्रीय ध्वज वंदन के साथ हुआ। तत्पश्चात राष्ट्रगान, ध्वज को सलामी तथा संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने का सामूहिक संकल्प लिया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं, कांग्रेस की विचारधारा एवं जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस महामंत्री सौरभ शर्मा सुरेंद्र साहू, जिला महामंत्री सेवादल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और जनसेवा के मूल्यों के साथ सदैव मजबूती से खड़ी रही है और आगे भी खड़ी रहेगी। चतुर सिंह जगत (अध्यक्ष रायपुर जिला सेवादल) के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में रामा यादव ब्लॉक अध्यक्ष, राजा चांवला, बीरबल बंजारा ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष, अजय साहू, रामरतन निषाद, अर्जुन साहू ,टिकेश्वर गिलहरे पार्षद, रामकुमार शर्मा उपाध्यक्ष, घनश्याम साहू जिला ग्रामीण महामंत्री, भागवत साहू, राकेश सोनकर, निर्माण यादव, विजय तारक, दाउ साहू ,अमर चक्रधारी, देवा सोना, विवेक साहू, भारत गिरी गोस्वामी, प्रदीप साहू, श्याम पटेल, रूपराम साहू, नंदू साहू, आकाश सोना, भुवेश कुमार, टोमन साहू, दूरपति सोना, शीतल जगत (पार्षद प्रत्याशी), रूखमणी जगत, नीला जगत, आराधना जगत तथा बाल सेवादल के जयबीर जगत, जिज्ञान जगत, कुसुम जगत और मनोहर जगत सहित युवा प्रकोष्ठ, महिला कांग्रेस एवं एनएसयूआई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन जय हिंद और कांग्रेस पार्टी ज़िंदाबाद के नारों के साथ हुआ। इसमें उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने देश की एकता, अखंडता, संविधान की गरिमा तथा जनहित के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया।

# भाजपा नेताओं ने सुनी मन की बात का 135वां एपिसोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



राजिम के बूथ क्रमांक 102 स्थित राज्य भंडार गृह निगम अध्यक्ष व पूर्व सांसद चंदूलाल साहू के निवास स्थान पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 135वाँ संस्करण अत्यंत उत्साहपूर्वक सुना गया। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने एक साथ बैठकर प्रधानमंत्री जी के प्रेरणादायी उद्बोधन को सुना और उनके विचारों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में राज्य भंडार गृह निगम अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक राजिम संतोष उपाध्याय, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार साहू, नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, भाजपा राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, मन की बात मंडल प्रभारी सोमप्रकाश साहू, महामंत्री जितेंद्र पंडरिया, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र साहू, सभापति कुलेश्वर साहू, अनीता यादव, कांति सोनकर, मनीषा शर्मा, एल्डर मेन मधु नथानी, पार्षद सुरेश पटेल, मोहन साहू, झाडूराम साहू, श्याम साहू, बादल साहू, आशीष पाण्डेय, राजेंद्र साहू, पुरन यादव, योगेश्वर पूरी गोस्वामी, ईश्वर साहू, शिवकुमार साहू, भागवत साहू, लालजी साहू, महेश देवांगन ,युगल किशोर साहू सहित भारी संख्या में स्थानीय जन और निष्ठावान कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विधिक साक्षरता शिविर में ग्रामीणों को दी नशे के दुष्परिणाम की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशन एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में, अध्यक्ष जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर बलराम प्रसाद वर्मा के निर्देशानुसार तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर अविनाश कुमार दुबे के मार्गदर्शन में डॉन योजना-2025 के अंतर्गत दिनांक 26 जून (अंतर्राष्ट्रीय नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध दिवस के अवसर पर रोजगार गारंटी कार्यस्थल ग्राम बोरसी, ग्राम किरवई एवं ग्राम कोमा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पैरालीगल वॉलेंटियर्स कमलेश कश्यप (थाना फिंगेश्वर), कोमल निषाद (थाना राजिम), विक्रम सोनी (थाना पांडुका), टीकेश्वर निषाद(थाना छुरा) एवं प्रेमलाल सिन्हा (थाना गोबरा नवापारा) द्वारा उपस्थित ग्रामीणों एवं श्रमिकों को नशे के दुष्प्रभाव, नशे से बचाव के उपाय, नशे से संबंधित कानूनी प्रावधान तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवन के महत्व के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

नशे से शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभाव, युवाओं एवं बच्चों को नशे से दूर रखने के उपाय, मादक पदार्थों के सेवन एवं अवैध तस्करी से संबंधित कानून एवं दंड, नशामुक्ति केंद्रों एवं चिकित्सकीय परामर्श के माध्यम से नशा छोड़ने के उपाय। परिवार एवं समाज की भूमिका तथा नशामुक्त भारत के निर्माण में जनभागीदारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता एवं लोक अदालत की जानकारी, नालसा हेल्पलाइन 15100, महिला हेल्पलाइन 181 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 की जानकारी देते हुए आवश्यकता पड़ने पर इन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। ग्रामीणों को साइबर ठगी, ऑनलाइन धोखाधड़ी एवं सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना संबंधित विभाग को देने की सलाह दी गई। शिविर मे 100 की संख्या मे लोग लाभान्वित हुए।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


!! ॐ शांति !!

## शोक - संदेश



## स्व. फुलसिंग साहू

(जन्म 04-11-1943 ● स्वर्गवास 25-06-2026)

ॐ असतो मा सद्गमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योर्माऽमृतं गमय। ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः॥
अर्थः हे प्रभु । हमें असत्य से सत्य की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर और मृत्यु से अमरत्व की ओर ले चलें।

श्रद्धेय पिताश्री श्री फुलसिंग साहू का दिनांक 25 जून 2026 (गुरुवार) को शांतिपूर्वक स्वर्गवास हो गया। उनके स्नेह, संस्कार एवं जीवन मूल्यों की स्मृति सदैव हमारे हृदयों में अमिट रहेगी। उनकी पावन स्मृति एवं दिवंगत आत्मा की शान्ति हेतु निम्नानुसार अंतिम संस्कार एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। पधार कर उनकी दिवंगत आत्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना कीजिए ।

**कार्यक्रम**

पचनाहवन - 29/06/2026 सोमवार
कार्यक्रम स्थल- निवास ग्राम पतोरी
तालाब कार्यक्रम - 11:00 बजे
विशेष - कबीर भजन संकीर्तन यात्रा का आयोजन है।

शोकाकुल : बोसकुमार, खेलेन्द्र, रिशांक, कामता, चोवा, सेवक, धनंजय, देवनारायण, नरेन्द्र, भूखन, मनबोधी, जोधु, जोहत, पुरषोत्तम, रोहित, मेवाचंद, जगतु, जगदीश, भागी, संतोष चैनु, सुकाल, अघन, धर्मेन्द्र, यशवंत, गितेश,हर्ष, लक्की, धनेश्वर,ट्वक्कु,कुमारी साहू, कुमारी -स्व. कोमल राम साहू (बेटी-दामाद), सावित्री-पुरानिक साहू (बेटी-दामाद), धनेश्वरी साहू - ललित साहू (बेटी-दामाद), केकती - अनिरुद्ध साहू (बेटी दामाद), मिनाक्षी साहू - चन्द्रहास साहू (पोती-दामाद) रोशनी साहू-नरेन्द्र साहू (पोती-दामाद), लक्ष्मी, देविका, खुशी, साक्षी (पोती) समस्त साहू परिवार. पतोरी फिंगेश्वर

विनीत : नंदकुमार साहू - चन्द्रवती (पुत्र-वधु), गिरीश साहू-श्रीमती ईश्वरी (पुत्र-वधु)
डेमन साहू-श्रीमती भुपेश्वरी (पुत्र-वधु), घनश्याम-श्रीमती स्मृति (पौत्र-वधु)
ग्राम- पतोरी (फिंगेश्वर), जिला- गरियाबंद, मो: 7987115820

जिस किसी सज्जन को शोक-पत्र न मिला हो कृपया इसे ही स्वीकार करें।

## खबर संक्षेप

### पीएम के मन की बात कार्यकर्ताओं ने सुनी

**अभनपुर।** प्रधानमंत्री मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 135वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण अभनपुर शक्ति केंद्र 2 के वार्ड 10 में किया गया। कार्यक्रम में वार्डवासियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर प्रधानमंत्री द्वारा देशहित, समाज सेवा एवं जनभागीदारी से जुड़े विषयों पर रखे गए विचारों को सभी ने सुना और उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिय कार्यक्रम में भाजपा रायपुर ग्रामीण जिला मंत्री संचित तिवारी, मंडल महामंत्री सूरजलाल साहू, शक्ति केंद्र संयोजक लौटन गिलहरे, सह संयोजक सागर साहू, पार्षद रूपनारायण साहू, पार्षद मीना साहू, वरुण राठी, राजा राय, बूथ अध्यक्ष धनेश्वर साहू, बूथ अध्यक्ष सागर बारले, रामचरण चक्रधारी, बूथ अध्यक्ष देवनारायण साहू, रामा साहू, आकाश साहू, लाला भैया, दिनेश साहू, सुयश गिरेपुंजे सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ग्राम रवेली में बच्चों को पोलियो की खुराक दी

**अभनपुर।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत ग्राम रवेली स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बच्चों को पोलियो पिलाया गया। आरएचओ फलेश्वर साहू ने बताया कि 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक अति आवश्यक है ताकि देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने का संकल्प मजबूत हो सके। उन्होने बताया कि पोलियो अभियान 3 दिवसीय रहता है पहले बूथ स्तर पर फिर जो छूटे हुये बच्चे है उन्हे मितानिन व स्वास्थ्य कर्मचारी द्वारा भ्रमण कर पोलियो पिलाया जाता है ,प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की दवा पहुंचाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर सरपंच श्रीमती रम्भा दूजलाल साहू, उपसरपंच प्रीतम सोनकर,सीएचओ अनमोल एंड्रूस, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गीता साहू, रमा यदु, ज्योति सिंह, गायत्री, चंद्रावती, विमला सहित समस्त मितानिन, ग्रामीण उपस्थित रहे।

### खुटेरी में सीसी रोड के लिए भूमिपूजन

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम पंचायत खुटेरी में वार्ड क्रमांक 2 में आदिवासी विकास प्राधिकरण के तहत लागत राशि 10 लाख रुपए सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन ग्राम के सरपंच सुशीला मांझी ने किया। इस अवसर पर ग्राम के उपसरपंच गेस राम पटेल, भूतपूर्व सरपंच रघुनंदन पटेल, पांच कुंज राम पटेल, रमेश बारिया, वार्ड पंच भोज कुमारी पटेल, पांच मंजू ठाकुर और नागरिकगण उपस्थित थे।

## निधन

### परमानंद मिश्रा



**राजिम।** ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ सदस्य परमानंद मिश्रा का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अंतिम संस्कार 29 जून को सोमवार को सुबह 11 बजे मुक्तिधाम में होगी। स्व श्री मिश्रा जी सेवानिवृत्त प्राचार्य थे तथा डॉ. मनोज मिश्रा, प्राचार्य सुधीर मिश्रा, प्रकाश मिश्रा व प्रशांत मिश्रा के पिता थे।

## सत्संग सभा : सोनपैरी आश्रम में आयोजित विशाल सत्संग सभा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए

# प्रेम, संयम और सदाचार से ही जीवन में मिलती है सच्ची शांति : संत असंग साहेब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम/सोनपैरी

राष्ट्रीय संत असंग साहेब ने रविवार को सोनपैरी आश्रम में आयोजित विशाल सत्संग सभा में हजारों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रेम, सुख और शांति धन से नहीं खरीदे जा सकते। धन जीवन की आवश्यकता अवश्य है, लेकिन उसके पीछे अंधी दौड़ लगाकर जीवन के मूल्यों को खो देना उचित नहीं है। संत असंग साहेब ने कहा कि धनवान बनना गलत नहीं है, लेकिन रावण जैसा धनवान बनने का कोई अर्थ नहीं। रावण के पास सोने की लंका थी, अपार वैभव था, फिर भी उसका अंत अहंकार के कारण हुआ। इसलिए धन के साथ विनम्रता और सदाचार भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सच्चा भक्त वही है जो कठिन से कठिन संघर्षों को भी मुस्कुराते हुए स्वीकार करे और हर परिस्थिति में नियम, मर्यादा तथा धर्म का पालन करता रहे। संत असंग साहेब ने कहा कि जीवन में कष्ट आना स्वाभाविक है, लेकिन कष्ट मिलने पर भी यदि मनुष्य अपने सिद्धांतों और नियमों से विचलित नहीं होता, तभी उसकी भक्ति सफल होती है। उन्होंने कहा कि संघर्ष मनुष्य को निखारता है और धैर्य उसे महान बनाता है। प्रवचन के दौरान उन्होंने राजनीति और प्रशासनिक व्यवस्था का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की नीयत साफ होनी चाहिए। पद और प्रतिष्ठा मिलने पर अहंकार नहीं आना चाहिए, क्योंकि पद स्थायी नहीं होता। उन्होंने कहा कि कई अधिकारी बड़े पद पर पहुँचकर लोगों से दुर्व्यवहार करने लगते हैं,घमंड में रहते है, सीधे मुंह बात नही करते लेकिन सेवानिवृत्त होने के बाद वही व्यक्ति उपेक्षित हो जाता है। उनसे कोई मिलना पसंद नही करते। इसलिए बड़े पद में आकर व्यक्ति को विनम्र और सेवाभावी बने रहना चाहिए। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का उदाहरण देते हुए कहा कि इतना बड़ा पद मिलने के बाद भी उनमें अहंकार नहीं है। वे पहले जैसे सरल और सहज थे, आज भी वैसे ही हैं। ऐसे व्यक्तित्व से समाज को सीख लेनी चाहिए। साधु-संतों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिसने वैराग्य धारण किया है, उसे अपने साधु धर्म की मर्यादा का पूर्ण पालन करना चाहिए। साधना कमजोर होने पर साधु जीवन सफल नहीं हो सकता। उन्होंने संतों से कहा कि माताओं-बहनों से आवश्यक दूरी बनाए रखे तथा संयमपूर्वक जीवन जीने का आग्रह किया ताकि भक्ति और साधना की पवित्रता बनी रहे। कहा कि भक्ति दिखावे से नहीं, बल्कि मन की सच्ची श्रद्धा से होती है। श्रद्धावान व्यक्ति को ही ज्ञान की प्राप्ति होती है। जीवन को चिंता में नहीं, बल्कि मुस्कुराते हुए बिताना चाहिए। क्या लेकर आए थे और क्या लेकर जाओगे? ईश्वर ने हमें हंसने और मुस्कुराने के लिए जीवन दिया है, इसलिए अनावश्यक तनाव से दूर रहना चाहिए।





### सत्संग सभा में पहुंचे कई दिग्गज देवकर साहेब ने संभाला मंच

कार्यक्रम में विशेष रूप से गौसेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल, राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त वर्णिका शर्मा, प्रदेश भाजपा कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज, गोपाल यादव, रूपेंद्र साहू, गरियाबंद जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता सोसायटी संघ के महाअध्यक्ष जितेंद्र सोनकर, जेंजरा सोसायटी के अध्यक्ष महेश साहू, पोखरा सोसायटी के अध्यक्ष ललित साहू, हरख राम साहू, साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष नीरेंद्र साहू कार्यक्रम का बेहतरीन संचालन सोनपैरी आश्रम के प्रभारी देवकर साहेब ने किया। मंच पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर राष्ट्रीय संत असंग साहेब का फुल माला और बुके भेंटकर स्वागत सम्मान किया।

### बढ़ती मोबाइल की लत पर जताई चिंता

उन्होंने परिवारों में बढ़ती मोबाइल की लत पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज बच्चे मोबाइल में व्यस्त हैं, बहू अलग मोबाइल चला रही है और सास अलग। इससे परिवारों में संवाद और प्रेम कम होता जा रहा है। उन्होंने लोगों से मोबाइल का सीमित उपयोग करने और परिवार के साथ समय बिताने की अपील की। अपने प्रवचन में उन्होंने कहा कि जैसे सोना आग में तपकर कुंदन बनता है, वैसे ही मनुष्य भी ज्ञान की अग्नि से गुजरकर श्रेष्ठ बनता है। पूजा, भक्ति और सत्संग से संस्कारों का निर्माण होता है और संस्कारों से ही जीवन सुधरता है। प्रवचन के दौरान संत असंग साहेब ने संत कबीर के अनेक प्रेरणादायी दोहों का भावार्थ सुनाया तथा भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण, महावीर स्वामी और बुद्ध के जीवन प्रसंगों के माध्यम से धर्म, प्रेम, सेवा और सदाचार का संदेश दिया। उन्होंने श्रद्धालुओं से इन शिक्षाओं को केवल सुनने तक सीमित न रखकर अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। उनके प्रेरक एवं ओजस्वी प्रवचन से पूरा पंडाल देर तक सत्संग और कबीर वाणी की आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा।

## सीएम के साथ नपा अध्यक्ष ने सुनी मन की बात...





**नवापारा-राजिम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात 135वां एपिसोड मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ उनके निवास में सुनने का अवसर प्रदेश भाजपा कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज, नगर पालिका नवापारा के अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, परदेशी राम साहू आदि को मिला।

# रसेला और कनसिघी के स्कूलों में चलाया गया जन-जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला और कनसिघी के हाईस्कूल और माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं को थाना प्रभारी छुरा एवं समस्त स्टाफ द्वारा ग्रामीण अंचलों में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाते हुए विधार्थियों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान साइबर अपराधों से बचाव, नशामुक्ति, आनलाइन ठगी, यातायात नियमों का पालन, महिला सुरक्षा,पाक्सो अधिनियम तथा पुलिस विभाग के समाधान एवं अभिव्यक्ति ऐप के संबंध में विस्तार से जागरूक किया गया। हाईस्कूल और हायर सेकंडरी, माध्यमिक विद्यालय रसेला और कनसिघी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छुरा थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर सिंह गंगवाल,एसआई टीका राम ध्रुव,सिपाई राजकुमार ध्रुव, सरपंच रूपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, प्राचार्य सुधीर मिश्रा, प्रधानपाठक मुरलीधर विशाल, के उपस्थित में विधार्थियों को इंटरनेट एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग,साइबर ठगी के बढ़ते मामलों तथा उनसे बचाव के उपयोग की जानकारी दी। विधार्थियों को बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंकिंग जानकारी, ओटीपी अथवा व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध आनलाइन गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को दें। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर पुलिस द्वारा यहां जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विधार्थियों को नशें के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया। युवा पीढ़ी यदि नशें से दूर रहकर शिक्षा,खेल एवं सकारात्मक गतिविधियों में भागीदारी करेंगी तो समाज और राष्ट्र दोनों का भविष्य उज्वल होगा। साथ ही यातायात नियमों के पालन पर विशेष जोर देते हुए हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा सड़क सुरक्षा संबंधी आवश्यक नियमों की जानकारी दी। महिला अपराधों की रोकथाम, महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकारों तथा लैंगिक अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम पाक्सो एक्ट के प्रावधानों के बारे में भी छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर सरपंच भोजराज नागेश, राजेश साहू, प्रार्चाय एमएल सिन्हा, जितेन्द्र जाट, शत्रुता कुंजाम, यशवंत नायक, सुरेन्द्र ठाकुर, रोहित जगत, नेमीचंद मरकाम,कुशल ध्रुव,उमेश्वर जगत, तुलसी दास,राधेसेन सहित पालकगण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



# ग्रामसभा में पीएम ग्रामीण आवास की सूची को मंजूरी मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

पंचायत रसेला में 26 जून दिन शुक्रवार को पंचायत भवन में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास प्लस 2.0 के तहत विशेष ग्राम सभा संपन्न हुई। ग्रामसभा की शुभारंभ भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसकी थीम अब हमारा सपना होगा पक्का घर रहीं। जिसमें आवास योजना से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के बाद आवास प्लस सूची का अनुमोदन किया। ग्राम सभा का मकसद ऐसे पात्र परिवारों की पहचान करना रहा, जिन्हें अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला। बैठक को हर पात्र परिवार तक पक्का घर पहुंचाने की दिशा में अहम माना गया। इसकी शुरुआत एजेंडा वाचन से हुई। ग्राम सभा का अध्यक्षता अंजली कुंजाम ने निभाया। पंचायत सचिव ने योजना के दिशा निर्देश, पात्रता मानदंड, सर्वे प्रक्रिया की जानकारी दी। आयोजित ग्रामसभा में आवास प्लस 2.0 की सिस्टम जेनरेटेड स्थायी प्रतीक्षा सूची को सार्वजनिक रूप से पढ़कर सुनाया गया। ताकि सभी ग्रामीण इसे समझ सकें। ग्राम पंचायत रसेला में 330 प्राप्त सूची में आपत्तियों के निराकरण के बाद ग्रामसभा से अनुमोदित प्राथमिकता सूची को आवास साफ्टवेयर ( आवास पोर्टल ) पर अपलोड करने की कार्रवाई की जायेगी। सभा में यह बात खुलकर आई कि जिनको पीएम आवास मिल चुका है या पति या पत्नी किसी के नाम लाभान्वित है, तो अपात्र श्रेणी में रखा गया है। ग्रामीणों ने कहा कि योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के जीवन स्तर में सुधार लाती है। पक्के घर का सपना देखने वाले का सपना पुरे होंगे। इस तरह ग्राम पंचायत मुढीपानी, कुडेरादादर, भरूवामुडा, कोठीगाव, पेंड्रा,दादरगाव नया, रूवाड,मेडकीडबरी, कनसिघी, पड्रीपानी गोंड,टोनहीडबरी, सेम्हरा केवटीझर सहित अनेक पंचायतों में ग्राम सभाएं हुईं। इस मौके पर सरपंच रुपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, लोकराम यादव ग्राम पटेल सचिव रूपसिंह यादव, आवास मित्र मूलचंद सोरी, पंच पीला बाई ठाकुर, रजनी यादव,सरिता ठाकुर, साधना जयसवाल, कृष्णा यादव, पुरोहित यादव, डोमेश चौहान, कुबेर बारिक,कसराम ठाकुर, ओंकार ठाकुर, मालती मरकाम,नरेश सोरी, संतराम नेताम, नंदकिशोर यादव, धनीराम यादव, कमलेश्वर नायक, नंदूदास, रामायण ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।





### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

**राजिम।** मोदीजी के मन की बात का 135वां भाग सुना गया जिसमें प्रमुख रूप से शक्ति केन्द्र पाण्डुका से कार्यक्रम संयोजक स्निग्धा शर्मा, केन्द्र प्रभारी गोविंद तिवारी उपाध्यक्ष मण्डल पाण्डुका, सरपंच भानु ध्रुव, बूथ अध्यक्ष कन्हैया चक्रधारी, लता तारक, पूर्णिमा तारक, पंच हर्ष देवांगन, दयानिधि चक्रधारी, निर्मला मेहरा, पुष्पा टोडर, तीज साहू, जमुना यादव, अलताब व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शिविर में युवक-युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

# युवा जागरण शिविर में राष्ट्र और चरित्र निर्माण का मिला संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

गायत्री शक्तिपीठ, छुरा में रविवार को युवा जागरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के युवक-युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार, दीप प्रज्वलन एवं गायत्री महामंत्र के साथ हुआ। मुख्य वक्ता चंदू लाल साहू परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास विभाग ने युवाओं को नशामुक्त, अनुशासित, संस्कारवान एवं राष्ट्रहित के प्रति समर्पित जीवन जीने की प्रेरणा दी। साथ ही समय का सदुपयोग, पारिवारिक मूल्यों का संरक्षण, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा सकारात्मक सोच के महत्व पर प्रकाश डाला । योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा ने स्वास्थ्य पर जोर देते हुए कहा कि पहला सुख निरोगी काया है , शरीर का ध्यान रखें, भारतीय भोजन करें,भारतीय पद्धति से करें और बीमारी तथा बुराइयों से बचें समय का सदुपयोग करें। समाजसेवी शीतल ध्रुव ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि समय प्रबंधन के साथ काम करें, संगति अच्छा रखें, निरंतर सीखते रहे, अपनी कमजोरियों को दूर करें,धैर्य एवं संयम से काम ले। शिविर में विभिन्न प्रेरक सत्र, समूह चर्चा, व्यक्तित्व विकास संबंधी गतिविधियां तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं, जिनमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। उपस्थित युवाओं ने अपने जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने, समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।



**अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता का आह्वान** - कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था भी की गई। अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता का आह्वान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास, संस्कार जागरण तथा राष्ट्र निर्माण की भावना का विकास करना था। इस अवसर पर तिजऊ राम साहू, नरसिंह सोम, पुखराज ठाकुर, केशव प्रसाद साहू, शेषनारायन देवांगन, हरीश मेश्राम, तिहारु राम साहू, भुनेश्वर पटेल, दीपाली सारस्वत, चंद्रकला यादव, संध्या यदु, घासीन साहू, नंदनी साहू, हर्षिता पटेल एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

# इंडियन पब्लिक हाई स्कूल छुरा के 9 छात्रों का एकलव्य विद्यालय में चयन

**छुरा।** कहते हैं कि कड़ी मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन सफलता की राह को आसान बना देते हैं। इसी का प्रत्यक्ष उदाहरण इंडियन पब्लिक हाई स्कूल छुरा के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया है। विद्यालय के 9 विद्यार्थियों का चयन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में हुआ है, जिससे विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।



गौरतलब है कि इससे पूर्व इसी शैक्षणिक सत्र में विद्यालय के 7 विद्यार्थियों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हो चुका है। अब एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में 9 विद्यार्थियों के चयन के साथ ही एक ही सत्र में कुल 16 विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित आवासीय विद्यालयों में चयन हुआ है, जो इंडियन पब्लिक हाई स्कूल छुरा के लिए एक नया कीर्तिमान माना जा रहा है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों में डुलिसा ठाकुर पिता- भुवनलाल ठाकुर, उदिता दीवान पिता- लेखराम दीवान, एकलव्य ध्रुव पिता- हेमंत कुमार ध्रुव, तनुजा सोरी पिता- तिलक राम सोरी, जिमेश नेताम पिता- ईश्वर नेताम, किंजल दीवान पिता- जगदीप राम दीवान, यशस्वी ध्रुवा पिता- आशीष ध्रुवा, खोमायनी नेताम पिता- देवानंद नेताम तथा मयंक नेताम पिता- दिनेश नेताम शामिल हैं। विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय संचालक प्रीतम साहू, विद्यालय प्रमुख रेवेंद्र दीक्षित, प्राचार्य शशि तिवारी, विद्यालय प्रबंधक प्राची साहू सहित समस्त विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए चयनित विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी है।